हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला नें 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

देश आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत इस वर्ष 76वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला में भी स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिको, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। इस सुअवसर पर डॉ संदीप शर्मा निदेशक प्रभारी ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस का शुभारंभ किया और उसके उपरांत राष्ट्रगान गाया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए कुर्वानी दी और हम सभी आज चैन और शांति से जीवन व्यतीत कर रहें है। उन्होनें कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने आज जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान नारे के साथ जय अनुसंधान का नारा जोड़ा। यह नारा अमृतकाल में अनुसंधान के दायित्व को बढाता है। हर व्यक्ति का दायित्व है कि अपने अपने स्तर पर देश की प्रगति में योगदान दें । अनुसंधान संस्थान होने के नाते हमारा कर्तव्य और अधिक बढ़ जाता है। तत्पश्चात बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों को याद किया तथा समारोह में उपस्थित सभी लोगों का मनोरंजन किया। जिसमें सानवी चौहान, सारांजली चौहान, राव्या, अराद्या शर्मा और रुद्रान्शि टपवाल ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। अंत में डॉ संदीप शर्मा निदेशक हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला ने पारितोषिक वितरित कर बच्चों को सम्मानित किया तथा इस अवसर पर उपस्थित संस्थान के अधिकारियों कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों विशेषकर बच्चों का इस आयोजन में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद किया।

स्वतंत्रता दिवस की झलकियाँ

वन अनुसंधान संस्थान

मालयन वन अनुसंधान संस्थान
INDIA

मीडिया कवरेज

दैनिक भास्कर

8:01

हिमालयन वन अनुसंधान ने मनाया आजादी का पर्व: स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कर बांटी मिठाइयां; बच्चों ने दी सांस्कृति प्रस्तुतियां

शिमला | 16 घंटे पहले

1 लाइक

शेयर

हिमालयन वन अनुसंधान ने मनाया स्वतंत्रता दिवस।

हिमाचल के शिमला में हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। निदेशक प्रभारी डॉ संदीप शर्मा ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के बाद सभी साथियों ने एक दूसरे को मिठाई बांटकर खुशी ज़ाहिर की।

इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति से जुड़ी विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों को याद किया तथा समारोह में उपस्थित सभी लोगों का मनोरंजन किया। जिसमें सानवी चौहान, सारांजली चौहान, राव्या, अराद्या शर्मा और रुद्रान्शि टपवाल ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। डॉ संदीप शर्मा निदेशक हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला ने पुरस्कार देकर बच्चों को सम्मानित किया।

जन समूह को संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दे दी। वीरों की शहादत का परिणाम है जो आज हम खुले वातावरण में सांस ले रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री ने आज जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान नारे के साथ जय अनुसंधान का नारा जोड़ा। यह नारा अमृतकाल में अनुसंधान के दायित्व को बढ़ाता है। हर व्यक्ति का दायित्व है कि अपने अपने स्तर पर देश की प्रगति में योगदान दें। कहा कि अनुसंधान संस्थान होने के नाते हमारा कर्तव्य और अधिक बढ़ जाता है।

1 लाइक

लाइक | कमेंट | सेव | शेयर

खबरें और भी हैं...

CM ने कर्मचारियों को दी सौगातें: जनवरी 2016 से नए वेतनमान का एरियर देने की घोषणा; जिला परिषद कॉडर को संशोधित वेतनमान

शिमला

लाइक | कमेंट | सेव | शेयर

****